हादसा | एनएच 30 पर सड़क हादसा, बबैहा के पास रफ्तार का कहर

ट्राला-पिकअप की आमने-सामने टक्कर, चालक की मौत

नवभारत, मंडला। जिले के टिकरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बबैहा के पास एक ट्राला और मार्बल से भरी बोलेरो पिकअप के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में बोलेरो पिकअप के चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका एक सहयोगी गंभीर रूप से घायल हो गया है।

बोलेरो पिकअप जबलपुर से मार्बल लोड करके मंडला की ओर जा रही थी। इसी दौरान बबैहा के पास सामने से आ रहे एक ट्राले से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के तुरंत बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने किया मृत घोषित

हादसे की सूचना मिलते ही टिकरिया पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने बोलेरो पिकअप के चालक रोहित दुबे 26 वर्ष, निवासी कटंगी बाईपास, जबलपुर को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल सहयोगी अमन रैकवार 20 वर्ष, निवासी आगा चौक, जबलपुर का फिलहाल अस्पताल में उपचार चल रहा है।

दुर्घटना के बाद पुलिस ने क्रेन और अन्य माध्यमों से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाया और सड़क पर लगे लंबे जाम को खुलवाकर यातायात व्यवस्था को दोबारा सुचारू किया।

छात्राओं को बचाने के चक्कर में पुलिया में पलटा ट्रैक्टर

बम्हनीबंजर। बम्हनी-ढेंको मार्ग पर नई पुलिया के निर्माण कार्य के दौरान बनाए गए संकरे डायवर्सन के कारण गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर के सामने अचानक दो स्कूली छात्राएं आ गईं, जिन्हें बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुलिया में जा पलटा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ और ट्रैक्टर चालक सहित छात्राएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी अनुसार इस मार्ग की पुरानी पुलिया को तोड़कर निर्माण एजेंसी द्वारा नई पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। आवागमन सुचारू रखने के लिए ठेकेदार ने एक अस्थायी कच्चा डायवर्सन बनाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह डायवर्सन इतना संकरा है कि यहां से बड़े वाहनों का गुजरना जोखिम भरा होता है, जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह ट्रैक्टर हादसा भी इसी संकरे मार्ग के कारण हुआ।

काम बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश : ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बताया कि पिछले आठ-दस दिनों से क्षेत्र में बारिश नहीं हुई है और नाला भी पूरी तरह सूखा हुआ है। अनुकूल मौसम के बावजूद ठेकेदार ने पुलिया निर्माण का काम पूरी तरह से बंद कर रखा है। काम ठप होने और डायवर्सन के खस्ताहाल होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बैंकों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं, यातायात पुलिस काट रही चालान

उपभोक्ताओं में बढ़ रहा बैंक प्रबंधन की अनदेखी से आक्रोश

मंडला। शहर के अधिकांश बैंकों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण उपभोक्ताओं के साथ-साथ आम राहगीरों को भी रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक परिसरों में वाहन खड़े करने के लिए पर्याप्त स्थान न होने के चलते ग्राहक मजबूरी में अपनी बाइक व अन्य वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

हाल ही में नेहरू स्मारक के समीप बैंक ऑफ इंडिया के सामने यातायात पुलिस ने सड़क पर बेतरतीब खड़े दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे। इस दौरान कई वाहन चालकों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि जब बैंक में पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं है, तो उनके पास सड़क पर वाहन खड़े करने के अलावा और क्या विकल्प है।

शहर की प्रमुख बैंक शाखाओं का यही हाल

यही स्थिति शहर में कोतवाली के सामने स्थित बैंक, पड़ाव रोड पर संचालित विभिन्न बैंक, और बड़चौराहा से इलाही चौक पहुंच मार्ग पर स्थित अन्य बैंक शाखाओं की भी है। प्रतिदिन इन बैंकों में बड़ी संख्या में लोग नकद जमा-निकासी, पेंशन, शासकीय योजनाओं, और व्यापारिक लेन-देन के लिए पहुंचते हैं। पार्किंग न होने से सड़क के दोनों ओर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

इस अव्यवस्था का सबसे अधिक असर राहगीरों पर पड़ता है। पैदल चलने वालों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को मजबूरी में सड़क के बीच से चलना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस, स्कूल बस और यात्री वाहनों को भी इन संकरे रास्तों से निकलने में भारी कठिनाई होती है, जिससे शहर में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

स्थायी समाधान की मांग

उपभोक्ताओं का साफ कहना है कि बैंक संचालकों ने कभी पार्किंग व्यवस्था की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, जिसका खामियाजा ग्राहकों को चालान के रूप में भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि बैंक प्रबंधन, नगर प्रशासन और संबंधित विभाग मिलकर प्रमुख बैंक शाखाओं में पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

एक नजर में

पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी का खुलासा आरोपी गिरफ्तार

मंडला। बम्हनी थाना और अंजनिया चौकी पुलिस ने चोरी के एक मामले का 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 15 जुलाई को ग्राम मांद निवासी अनुराग पटेल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। एसपी राजेश रघुवंशी के निर्देशन में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी खब्बा उर्फ हमीद खान को धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से चोरी का गैस सिलेंडर और अन्य सामान बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने 16 घंटे के भीतर दो नाबालिगों को परिजनों के सुपुर्द किया

मंडला। बम्हनी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 घंटे के भीतर दो अपहृत नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में थाना प्रभारी सत्येन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 15 जुलाई को परिजनों ने दोनों बालिकाओं के घर से लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। तलाश के बाद भी पता न चलने पर पुलिस ने बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय पूछताछ के आधार पर महज 16 घंटे में दोनों बच्चियों को सुरक्षित खोज निकाला। वैधानिक कार्रवाई पूरी कर बालिकाओं को उनके परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया गया है।

युवा अक्षय झारिया का आकस्मिक निधन क्षेत्र में शोक की लहर

नारायणगंज। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी तुलसी झारिया (टेलर्स) एवं पड़रिया उर्फ नारायणगंज क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता माया झारिया के सुपुत्र अक्षय झारिया का आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर से नारायणगंज सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों में गहरा दुःख व्याप्त है। परिजनों के अनुसार, स्वर्गीय अक्षय झारिया की अंतिम यात्रा गुरुवार को उनके निवास से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार, मित्र एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। इसके उपरांत ग्राम कूड़ामैली (नारायणगंज) स्थित मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।



स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

बिछिया पुलिस का नशा-मुक्त अभियान

भुआ बिछिया। प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत थाना बिछिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें नशामुक्त समाज बनाने में भागीदार बनाना था। इस कड़ी में पुलिस टीम ने शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया और विद्या ज्योति हाई स्कूल बिछिया में पृथक-पृथक कार्यक्रम आयोजित किए।

थाना प्रभारी रंजीत सैयाम सहित पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति को ही बर्बाद नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज की जड़ें खोखली कर देता है। नशे की लत से स्वास्थ्य खराब होने के साथ-साथ पढ़ाई, करियर और सामाजिक जीवन भी बुरी तरह प्रभावित होता है। पुलिस ने विद्यार्थियों को समझाया कि आज का युवा ही कल का भविष्य है, इसलिए जरूरी है कि युवा पीढ़ी नशे से कोसों दूर रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव की पहल करे।

पीपरपानी के पास नर्मदा में डूबे आमनाला निवासी गणेश प्रसाद, दूसरे दिन मिला शव

मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने आए बुजुर्ग की नर्मदा नदी में डूबने से मौत

मंडला। मंडला बायपास स्थित नर्मदा पुल के नीचे पीपरपानी गांव के पास बुधवार को नर्मदा नदी में नहाते समय डूबे 55 वर्षीय बुजुर्ग का शव दूसरे दिन बरामद कर लिया गया है। एसडीईआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए सघन तलाश अभियान के बाद दोपहर को घटनास्थल से कुछ दूरी पर शव मिला।

मृतक की पहचान आमनाला निवासी 55 वर्षीय गणेश प्रसाद उईके के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि परिवार में एक रिश्तेदार के निधन के बाद वे सभी मुंडन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए नर्मदा तट पर पहुंचे थे। नदी में स्नान करने के दौरान गणेश प्रसाद अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद परिजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें खोजने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और मंडला एसडीईआरएफ की टीम त्वरित रूप से मौके पर पहुंची। बुधवार देर शाम तक नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण अभियान को रोकना पड़ा। एसडीईआरएफ के कमांडेंट हेमराज परस्ते ने बताया कि गुरुवार सुबह टीम ने फिर से तलाश अभियान शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप दोपहर के समय घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर बुजुर्ग का शव नदी से बरामद कर लिया गया। शव मिलने के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

छत के रास्ते दो दुकानों में सेंधमारी, 40 हजार समेत अन्य सामान पार

कोतवाली से महज 500 मीटर दूर चोरों का धावा

मंडला। शहर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब पुलिस थाने के आस-पास भी सुरक्षित नहीं है। गुरुवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने लालीपुर तिराहे के पास दो दुकानों को अपना निशाना बनाया। चोर छत के रास्ते दुकानों में घुसे और नकदी सहित अन्य सामान ले उड़े। यह वारदात कोतवाली थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई है, जिसने शहर की पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी अनुसार चोरों ने लालीपुर तिराहे पर स्थित केएम ट्रेडर्स और मां नर्मदा मशीनरी सेंटर में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने गल्ले में रखे करीब 40 हजार रुपये नकद और दुकान में रखा अन्य सामान चुरा लिया। इस दुकान में भी चोरों ने हाथ साफ किया है, हालांकि यहां से कितने का माल गया है, इसका आकलन अभी किया जा रहा है।

पुलिस गश्त पर उठे सवाल

थाने से चंद कदमों की दूरी पर हुई इस दुस्साहसिक वारदात से स्थानीय व्यापारियों में रोष है और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुबह जब दुकानदारों को घटना की जानकारी लगी, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की सुरागकशी के लिए पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

री-नीट परीक्षा में जपनीत कौर ने लहराया सफलता का परचम

22 लाख छात्रों के बीच हासिल की 2114वीं ऑल इंडिया रैंक

मंडला. हाल ही में घोषित हुए री-नीट परीक्षा के परिणामों में होनहार छात्रा जपनीत कौर ने शानदार सफलता प्राप्त कर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। अपनी लगन और मेहनत के दम पर जपनीत ने लगभग 22 लाख परीक्षार्थियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए 720 में से 641 अंक हासिल किए हैं और ऑल इंडिया 2114वीं रैंक (जनरल कैटेगरी में 1109वीं रैंक) प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। डॉ. गुरु मोहन सिंह और श्रीमती रवनीत कौर की सुपुत्री जपनीत शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सिलसिला पुराना है। पूर्व में उन्होंने अपनी शैक्षणिक योग्यता का लोहा मनवाते हुए सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत और 12वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। बेटी की इस अपार सफलता पर माता-पिता बेहद गदगद और गौरवान्वित हैं। उनकी इस शानदार कामयाबी से परिवार में हर्ष का माहौल है और शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। जपनीत की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार को दी भावपूर्ण विदाई

मंडला। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह के भोपाल स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल नामदेव ने श्री सिंह को शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

कलेक्टर ने श्री सिंह की कर्तव्यनिष्ठा, कार्यकुशलता और संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रशासनिक अनुभव से प्रशासन को सदैव मार्गदर्शन मिला। अपने विदाई भाषण में भावुक होते हुए अपर कलेक्टर श्री सिंह ने यहाँ बिताए समय को अमूल्य बताया और सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह में सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ और संस्कार बावरिया सहित समस्त कलेक्ट्रेट स्टाफ मौजूद रहा।

राज्य समन्वयक ने किया ग्राम उदयपुर एवं धनवाही का भ्रमण

बीजाडांडी। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, भोपाल के राज्य समन्वयक (कृषि) मनीष सिंह पवार ने जनपद के ग्राम उदयपुर एवं ग्राम धनवाही का भ्रमण किया। ग्राम उदयपुर में उन्होंने माँ शारदा समूह एवं मिनी बचत समूह की बैठक में भाग लिया। बैठक में समूहों द्वारा की जा रही साप्ताहिक बैठक, आपसी बचत एवं लेन-देन की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। साथ ही शासन द्वारा समूहों को दी जाने वाली विभिन्न वित्तीय सहायता एवं योजनाओं की राशि के संबंध में समूह सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गई। समूह की दीदियों ने बताया कि आजीविका मिशन के माध्यम से मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ उन्हें प्राप्त हुए हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और आय में वृद्धि हुई है। राज्य समन्वयक ने समूहों के कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी दीदियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इसके बाद ग्राम धनवाही में दुर्गावती समूह एवं मां दुर्गा समूह की बैठक आयोजित की गई। यहां राज्य समन्वयक ने बीआरसी केंद्र का भ्रमण भी किया। इस दौरान कृषि सखी श्रीमती प्रभा टेकाम एवं श्रीमती रजनी मरावी द्वारा जैविक खाद, घनजीवामृत, जीवामृत एवं बीजामृत बनाने की प्रक्रिया एवं उसके लाभों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इन प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से खेती की लागत कम की जा सकती है और बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है।

प्रोत्साहन | मशरूम उत्पादन को मिलेगा नया विस्तार, समूह और पायलट फार्म कंपनी के बीच हुआ अनुबंध

बिछिया और मवई के 6500 किसानों को मिलेगा लाभ

भुआबिछिया। महिलाओं की आय बढ़ाने और जिले में मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीएमटीसी बिछिया में स्व-सहायता समूह की दीदियों एवं पायलट मशरूम फार्म कंपनी के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाएं मशरूम का उत्पादन करेंगी तथा कंपनी उनकी उपज उचित मूल्य पर खरीदेगी। साथ ही कंपनी प्रशिक्षण, बीज एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि यह अनुबंध महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि स्व-सहायता समूह की दीदियाँ आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनें तथा मशरूम उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ें। महिलाएं सीसीएल के माध्यम से ऋण प्राप्त कर मशरूम उत्पादन शुरू कर सकेंगी तथा प्रत्येक किसान की उत्पादन क्षमता के अनुसार अनुबंध किया जाएगा। एसडीएम बिछिया सोनाली देव ने बताया कि इस पहल के लिए बिछिया विकासखंड के 10 गांवों के लगभग 5,000 किसानों तथा मवई विकासखंड के 1,500 किसानों को चिन्हित किया गया है। पायलट मशरूम फार्म के प्रतिनिधि अनंत इखर ने बताया कि उनकी संस्था किसानों एवं महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण देगी, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएगी तथा तैयार उपज को उचित मूल्य पर खरीदेगी। पहली बार उत्पादन में किसी कारणवश नुकसान होता है तो संस्था पुनः उतनी ही मात्रा में बीज उपलब्ध कराएगी, ताकि किसान बिना हिचक अनुभव प्राप्त कर सकें।

अमल ज्योति स्कूल में पौधरोपण, छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

महाराजपुर। शासन के महत्वाकांक्षी अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत अमल ज्योति स्कूल महाराजपुर में एक विशेष कार्यशाला और वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वन महोत्सव के अवसर पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों की महत्ता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्लोबल टाइगर दिवस के उपलक्ष्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के सहायक संचालक आशीष पांडे ने प्रकृति में बाघों के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं सहायक संचालक मुकेश जामोर ने कान्हा नेशनल पार्क की उपयोगिता और पारिस्थितिक संतुलन में वन्यजीवों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी डीएम अर्चना ने शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना करते हुए छात्रों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उनके नेतृत्व में विद्यालय परिसर के चारों ओर पौधारोपण किया गया।